# 1139 मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियो को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियो को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियो को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 24 जुलाई तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1139 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालको के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालको को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वयं अपने तबेले एवं बाड़े नही तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

२६/७/११

## आज कोविड वैक्सीनेशन 138 केंद्रों पर होगा

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में चल रहे हैं कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत 25 जुलाई को जिले के 138 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित सत्र स्थल अनुसार आलोट में 18, बाजना में 20, जावरा में 29, पिपलोदा में 10, सैलाना में 15, रतलाम ग्रामीण में 19, रतलाम शहर में 27 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा।

## शिक्षकों का टीकाकरण 26 से 31 जुलाई तक होगा

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार समस्त महाविद्यालय एवं विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों का कोविड टीकाकरण 26 जुलाई से 31 जुलाई तक किया जाना है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए हैं कि टीकाकरण से शेष बचे हुए सभी संस्थाओं के शिक्षक व कर्मचारी अपना टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें। इस तारतम्य में 26 जुलाई सोमवार को सुबह 9 बजे से शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों का टीकाकरण उत्कृष्ट विद्यालय सागोद रोड पर किया जाएगा। अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों व स्कूल कर्मचारियों का टीकाकरण गुरु तेग बहादुर एकेडमी सैलाना रोड पर किया जाएगा।

नवभारत 26/7/21

## शिक्षकों का टीकाकरण आज से 31 जुलाई तक होगा

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार समस्त महाविद्यालय एवं विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों का कोविड टीकाकरण 26 जुलाई से 31 जुलाई तक किया जाना है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए हैं कि टीकाकरण से शेष बचे हुए सभी संस्थाओं के शिक्षक व कर्मचारी अपना टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें। इस तारतम्य में 26 जुलाई सोमवार को सुबह 9 बजे से

# 12 घंटे में धोलावड़ डैम में जलस्तर डेढ़ मीटर बढ़ा, कई जगह ज…

## झमाझम बारिश ● नदी-नाले उफने, कई रास्ते हुए अवरुद्ध, ताल में सर्वाधिक पांच इंच से ज्यादा बारिश, शहर में चार फीडरों से बिजली…

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मानसून की पहली झड़ी से जिले में चारों तरफ पानी ही पानी हो गया। शनिवार से जारी बारिश का सिलसिला रविवार को भी चलता रहा। अंचल में कई छोटी पुल-पुलियाओं व रपटों पर पानी आने से मार्ग अवरुद्ध हो गए। इससे कई गांवों का तहसील और जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया। बीते चौबीस घंटों के दौरान जिले की ताल तहसील में सर्वाधिक पांच इंच से अधिक पानी बरसा। बारिश से अब जिला और सभी तहसीलें गत वर्ष व सामान्य बारिश के करीब आ रहे हैं।

शनिवार व रविवार को हुई बारिश के बाद धोलावड़ डैम में करीब 1.6 मीटर पानी बढ़ गया। डैम का जलस्तर रविवार सुबह सात बजे 385.40 था जो शाम सात बजे तक 387 मीटर हो गया। डैम में पानी की तेज आवक जारी थी। जलस्तर बढ़ने से नए इंटकवेल से पानी लेने में मदद मिलेगी। अभी मडपंप से जेकवेल और जेकवेल से इंटकवेल तक पानी पहुंचाया जा रहा था। शनिवार से शुरू हुआ रिमझिम-तेज बारिश का दौर रविवार को भी जारी रहा।

बारिश की झड़ी से पहली बार नदी-नाले उफान पर आ गए। शहर के न्यू रोड, विनोबा नगर, मोमिनपुरा, हरमाला रोड, मालीपुरा, पावर हाउस रोड फोरलेन सहित कई सड़कों पर एक से तीन फीट तक पानी बहने लगा। इससे वाहन चालकों के साथ राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह आठ बजे समाप्त हुए बीते चौबीस घंटों के दौरान जिले में 56.6 मिमी औसत पानी बरसा। आलोट तहसील में 66 मिमी, जावरा में 51 मिमी, ताल में 135 मिमी, पिपलौदा में 36 मिमी, बाजना में 18 मिमी, रतलाम में 27 मिमी, रावटी में 43.8 मिमी और सैलाना तहसील में 76 मिमी पानी बरसा। जिले में अब तक सवा 12 इंच बारिश हो चुकी है। गत वर्ष इस अवधि में करीब पौने 14 इंच बारिश हुई थी। जिले की कुल सामान्य बारिश 918.3 मिमी है।



झमाझम बारिश से जलमग्न हुई रतलाम के न्यू रोड की सड़क। ●नईदुनिया

**पहली झड़ी**

- रतलाम जिले में अब तक सवा 12 इंच दर्ज
- शहर की सड़कों सहित फोरलेन पर चार फीट तक पानी आया

### दिन व रात के तापमान में गिरावट

अधिकतम तापमान 25.2 व न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार की तुलना में रविवार को न्यूनतम तापमान में 1.0 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान में भी 4.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सुबह की आर्द्रता 96 व शाम की 99 प्रतिशत रही, जो शनिवार को क्रमशः 90 व 97 प्रतिशत थी।

### कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

रविवार शाम को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी ने निगम व प्रशासनिक अमले के साथ शहर में जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को जलनिकासी के पर्याप्त इंतजाम करने के साथ ही आश्रय स्थल पर सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए।

लगातार बारिश के चलते शहर के कुल 36 फीडरों में से चार में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। जवाहर नगर क्षेत्र में बिजली लाइन पर पेड़ गिर गया जबकि रत्नपुरी, विरियाखेड़ी, हाट रोड फीडर पर भी फाल्ट हुए। बिजली वितरण कंपनी के शहर कार्यपालन यंत्री विनयप्रताप सिंह ने बताया कि शाम तक सभी जगह सुधार कर आपूर्ति बहाल कर दी गई।



सरवन क्षेत्र की धावड़ाखेड़ी नदी में बहाव शुरू हो गया। ●नईदुनिया


### बारिश का किया स्वागत

अभा पोरवाल सोशल ग्रुप के सदस्यों ने बरबड़ हनुमान मंदिर परिसर में बारिश के आगमन का स्वागत किया। ग्रुप संस्थापक संयोजक राकेश पोरवाल ने बताया कि लंबे समय बाद बारिश की झड़ी लगने पर ग्रुप सदस्य बरबड़ हनुमान मंदिर पहुंचे। हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। ग्रुप अध्यक्ष प्रतीक मजावदिया, कोषाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, अनीता गुप्ता, राकेश गुप्ता, अनिल सेठिया, लता सेठिया, विजय धनोतिया, निर्मला धनोतिया, विजेंद्र गुप्ता, वंदना पोरवाल, कोपल पोरवाल आदि सदस्य मौजूद थे।


**जिले में बारिश की स्थिति**

| तहसील | अब तक | गत वर्ष |
|---|---|---|
| | की बारिश (मिमी) | |
| आलोट | 299.0 | 390.0 |
| जावरा | 386.0 | 395.0 |
| ताल | 443.0 | 410.2 |
| पिपलौदा | 231.0 | 242.0 |
| बाजना | 161.0 | 280.0 |
| रतलाम | 259.0 | 317.0 |
| रावटी | 328.8 | 362.2 |
| सैलाना | 393.0 | 375.0 |
| औसत | 312.0 | 346.4 |

सड़कें बनी…



रतलाम के विनोबानगर की सड़क पर हुआ…



नागेश्वर-उन्हेल मार्ग पर शिप्रा नदी का ज…

नईदुनिया 26/7/21

# जिले में हुई झमाझम बारिश से कई जगह पानी भराया



## पिछले 24 घंटों में ताल में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई

रतलाम(आरएनएन)। आखिरकार जिले पर इंद्रदेव मेहरबान हो गए हैं। दो दिन से पूरे जिले में बारिश का दौर जारी है। नदी-नालो के साथ झरने तेज उफान से बह निकले है। रविवार रात तक की बात करें तो पिछले 24 घंटे के दौरान जिले के ताल में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है।

रतलाम शहर में 1 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई है। जिले की बात करें तो इस वर्ष रविवार सुबह तक जिले में कुल 13 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की जा चुकी है। शनिवार सुबह से रविवार रात तक रुक-रुककर रिमझिम-तेज बारिश होती रही। तेज बारिश से जहां सडकों पर पानी बह निकला, वहीं रिमझिम से कई स्थानों पर कीचड फैल गया। इससे आवाजाही करने वाले राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पडा। सुबह आठ बजे समाप्त हुए बीते चौबीस घंटों के दौरान जिले में 20.7 मिमी औसत बारिश हुई। आलोट तहसील में 42 मिमी, जावरा में 34 मिमी, ताल में 92.4 मिमी, पिपलौदा में छह मिमी, बाजना में एक मिमी, रतलाम में 6.4 मिमी, सैलाना तहसील में चार मिमी पानी बरसा। रावटी तहसील सूखी रही। जिले में अब तक 10 इंच पानी बरस चुका है। गत वर्ष इस अवधि में करीब पौने 14 इंच बारिश हुई थी। बारिश में जिला और सभी तहसीलें लगातार पिछड़ती जा रही है।

राज एक्सप्रेस 26/7/21

## जामण आई उफान पर, करमदी रपट पर आया पानी, ग्रामीण अंचल के निचले इलाकों में पुल-पुलिया जलमग्न





# मेहरबान हुए मेघ... झूम कर आया सावन

**पत्रिका मानसून अलर्ट**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. लंबे समय बाद रतलाम जिले में जोरदार बारिश का आगाज हुआ है। आसमान से मेघों की मेहरबानी हुई तो रतलाम शहर में सुबह से लेकर शाम तक 9 घंटे के दौरान 4 इंच बारिश हो गई। वहीं ग्रामीण अंचलों में भी 5 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई है। शनिवार रात से शुरू बारिश का दौर रविवार को दिन भर कभी तेज तो कभी धीमे चलता रहा जिसके चलते नदी नाले उफान पर आने लगे हैं।

फिलहाल राहत की बात यह है कि जिले में कहीं से भी कोई अनहोनी ...




बाजार में भी तालाब सी नजर आने लगी। अवकाश का दिन होने से लोग कम नजर आए।







| बारिश मिली मीटर में | |
|---|---|
| आलोट | 66.0 |
| जावरा | 51.0 |
| [illegible] | 135.0 |

## रातभर में धोलावाड़ में बढ़ा दो मीटर पानी, जलस्तर में और बढ़ोतरी का अनुमान

### क्षमता का 25 फीसदी पानी पहुंच चुका है

शहर और आसपास के क्षेत्र में ...

... है। सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री एचके मालवीय के अनुसार शाम और रात में होने वाली बारिश से धोलावड़ में जलस्तर और बढ़ जाएगा। धोलावड़ जलाशय का कुल लेवल 395 मीटर का है और इसकी ...

**धोलावड़ पर एक नजर**

| | |
|---|---|
| धोलावड़ की ऊंचाई 15 मीटर | वर्तमान में पानी संग्रहित - 386.70 मीटर |
| पानी संग्रहण क्षमता 49.94 एमसीएम | कुल क्षमता का ... |

# गीला व सूखा कचरा अलग-अलग नहीं लेने पर होगी कार्रवाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

यदि गीला व सूखा कचरा अलग-अलग नहीं लिया जाता है तो निगम कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्राइवर, हेल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को कहा है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहण करें। नगर निगम कचरा संग्रहण व्यवस्था को लेकर सख्ती करने की तैयारी में है।

निगम आयुक्त झारिया ने कहा यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए मिलता है तो संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन अलग-अलग कचरा लिया जाए। निगम आयुक्त ने कहा जब तक पूरे वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कशॉप में जमा ना कराए। वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारी को कहा है कि वे प्रतिदिन प्रमाणित करेंगे कि उनके वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा उठ चुका है। भास्कर 26

दै. भास्कर 26/7/21

# 54 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है।

इसके तहत रविवार को 54 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 25750, कम्पेक्टर सूखा कचरा 19660, कम्पेक्टर गीला कचरा 7630, मैजिक से 760 किलो इस तरह कुल 54250 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। नईदुनिया

नईदुनिया 26/7/21

**वैक्सीनेशन** • रतलाम में आज 138 केंद्रों पर किया जाएगा टीकाकरण, विदेश यात्रा करने वाले लोग न्यू कलेक्टोरेट में लगवा सकते हैं टीका

# स्कूल-कॉलेज के शिक्षकों को लगेंगे टीके, दूसरा डोज मोहन टॉकीज में

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में सोमवार को 138 जगह टीके लगाए जाएंगे। स्कूल कॉलेज के शिक्षकों का विशेष तौर पर टीकाकरण होगा। जिले में 36500 डोज लगाने की तैयारी है। इसमें 30040 टीके का पहला डोज तो वहीं, 6460 टीके का दूसरा डोज लगाया जाएगा।

अब वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो रही है। सोमवार को रतलाम शहर में प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों के लिए गुरु तेग बहादुर एकेडमी सैलाना रोड में वैक्सीनेशन केंद्र रहेगा। शासकीय स्कूल के शिक्षकों के लिए उत्कृष्ट विद्यालय सागोद रोड आरक्षित वैक्सीनेशन केंद्र रहेगा। शहर के मोहन टॉकीज घास बाजार रतलाम केंद्र पर को-वैक्सीन का दूसरा डोज लगाया जाएगा, वहां भी सीधे ऑनस्पॉट वैक्सीनेशन हो सकेगा। शहर के न्यू कलेक्टोरेट केंद्र में केवल विदेश यात्रा करने वाले लोगों को टीका लगाया जाएगा। रेलवे हॉस्पिटल घटला कॉलोनी में रेलवे कर्मचारियों के लिए कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगाया जाएगा। अलकापुरी कम्युनिटी हॉल अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस दो बत्ती केंद्र पर कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगाया जाएगा।

**रतलाम ग्रामीण में 19 जगह लगेंगे टीके :** रतलाम में ग्रामीण में 19 जगह टीके लगाए जाएंगे। आलोट में 18, बाजना में 20, जावरा में 29, पिपलौदा में 10, सैलाना में 15, रतलाम ग्रामीण में 19, रतलाम शहर में 27 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा।

## ऑनस्पॉट बुकिंग से भी लगेगा कोविशील्ड का पहला टीका

सोमवार को ऑनस्पॉट बुकिंग से भी कोविशील्ड का पहला टीका लगाया जाएगा। इसके लिए विधायक सभागृह बरबड़ रोड, जमातखाना शेरानीपुरा, मदरसा तालीमुल कुरआन नयापुरा, काजी खान मस्जिद जावरा रोड, सगरवंशी माली समाज धर्मशाला त्रिपोलिया गेट, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, काश्यप सभागृह सागोद रोड, शासकीय प्राथमिक विद्यालय डोसीगांव, मांगलिक भवन सुभाष नगर कालिकामाता धर्मशाला, कालिकामाता मंदिर के पास के केंद्रों पर सीधे अपना आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लेकर वैक्सीनेशन करवा सकते हैं। इन केंद्रों पर कोविशील्ड का पहला टीका सीधे ऑनस्पॉट बुकिंग के आधार पर लगाया जाएगा। वहीं प्री-स्लॉट बुकिंग से गुरु रामदास पब्लिक स्कूल विनोबा नगर, मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल इंदिरा नगर, साईं एकेडमी 80 फीट रोड, बोधी स्कूल डोंगरे नगर, लायन हॉल पावर हाउस रोड, मेहंदी कुई बालाजी नगर निगम के पास, आईएमए हॉल राजेंद्र नगर, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार, नृसिंह वाटिका सिलावटों का वास, सरस्वती स्कूल काटजू नगर के केंद्रों पर कोविशिल्ड का पहला टीका लगाया जाएगा।

**31 जुलाई तक होगा शिक्षकों का टीकाकरण :** कोविड टीकाकरण 26 से 31 जुलाई तक किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि टीकाकरण से बचे सभी संस्थाओं के शिक्षक व कर्मचारी अपना टीकाकरण करवाएं। 26 जुलाई सोमवार को सुबह 9 बजे से शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों का टीकाकरण उत्कृष्ट विद्यालय सागोद रोड पर किया जाएगा। अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों व स्कूल कर्मचारियों का टीकाकरण गुरु तेग बहादुर एकेडमी सैलाना रोड पर होगा।

भास्कर 26

## बिजली कंपनी : 20 हजार कर्मियों में से 16 हजार को लगे टीके, चार हजार को अगले दो सप्ताह में लगेंगे टीके

रतलाम | बिजली कंपनी के रतलाम सहित सभी जिलों को मिलाकर अब तक 16 हजार से ज्यादा कर्मचारियों एवं अफसरों को अब तक वैक्सीन लग चुकी है। 4 हजार अधिकारी और कर्मचारी को वैक्सीन लगाना बाकी है जो अगले दो सप्ताह में लग जाएगी। इससे बिजली कंपनी 100 फीसदी वैक्सीनेशन वाली कंपनी बन जाएगी।

जिलों, सर्कल, डिविजन ऑफिस के साथ ही शासकीय अस्पताल व चिन्हित टीकाकरण केंद्रों पर कर्मचारियों, अधिकारियों को टीके लगाए जा रहे हैं। कुछ दिनों में कंपनी शत-प्रतिशत टीकाकृत कर्मचारियों, अधिकारियों वाली हो जाएगी। कंपनी के स्थायी कर्मचारियों, अधिकारियों, संविदाकर्मियों के अलावा आउटसोर्स कर्मचारियों का भी अभियान चलाकर टीकाकरण का काम किया जा रहा है। मुख्य महाप्रबंधक संतोष टैगोर ने बताया कि एमडी अमित तोमर के निर्देश पर आगामी दो सप्ताह में कंपनी के शत-प्रतिशत कर्मचारी, अधिकारियों को टीके लग जाएंगे।

### संभाग में कहां कितने टीके

| | |
|---|---|
| रतलाम | 900 |
| उज्जैन | 1900 |
| देवास | 1250 |
| शाजापुर | 650 |
| मंदसौर | 1200 |
| नीमच | 650 |
| आगर | 250 |

दै. भास्कर 26/7/21

# कलेक्टर एवं प्रशासक पुरूषोत्तम ने निगम अधिकारियों की ली बैठक

प्रसारण न्यूज • रतलाम



कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम के स्वास्थ्य, राजस्व, विकास शाखा आदि विभागों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर एवं प्रशासक पुरूषोत्तम ने पिछली बैठक में दिये निर्देशों की समीक्षा कर निर्देशित किया कि स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिदिन सांय 4 बजे सफाई व्यवस्था का फीड बैक झोन प्रभारियों से लेकर कार्य में आने वाली समस्याओं का निराकरण करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि नगर में ऐसे रिक्त भूखण्ड जहां कचरा एकत्रित हो रहा है ऐसे भूखण्ड स्वामियों पर जुर्माने की कार्यवाही करें साथ ही ऐसी मदिरा की दुकानें जहां कचरा व गंदगी होती है उन पर भी स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जाये।

बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक पुरूषोत्तम ने निर्देशित किया कि सफाई कार्य की मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक जिम्मेदारी से कार्य की मॉनिटरिंग प्रतिदिन करें अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर एवं प्रशासक पुरूषोत्तम ने एनयूएलएम के विभिन्न घटकों व पी.एम. स्वनिधी प्रकरणों की समीक्षा के दौरान सिटी मैनेजर व सामुदायिक संगठिकाओं को निर्देशित किया कि वे 15 अगस्त तक पी.एम. स्वनिधी के 2500 हितग्राहियों को ऋण दिलाने का लक्ष्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करें अन्यथा संबंधितों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

इसके अलावा कलेक्टर एवं प्रशासक पुरूषोत्तम ने निगम के राजस्व में वृद्धि किये जाने हेतु निगम की विक्रय योग्य संपत्ति के संबंध में पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के तहत की गई कार्यवाही की जानकारी लेकर नित्यानंद मार्केट में अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई 6 दुकानों के विक्रय हेतु निविदा जारी करने की कार्यवाही करने, महू रोड स्थित सुभाष शॉपिंग काम्पलेक्स की 99 दुकानों के विक्रय हेतु निविदा जारी किये जाने के पूर्व मार्केट व दुकानों की मरम्मत व रंगाई पुताई कराने के निर्देश बैठक में दिये।

प्रसारण 26

प्रसारण 26/7/21

**जून 2020 में बनी थी सड़क सुधार की योजना : एक साल तक फाइल से बाहर नहीं आई**

# 4 लाख रुपए की मुरम मौसमी बारिश में बह गई

**पत्रिका एक्सपोज**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर में मानसून के दौरान नगर निगम ने विभिन्न सड़क के गड्ढों को भरने के लिए चार लाख रुपए की मुरम डाली। यह मुरम बारिश में बह गई है। अब जहां जहां इनको डाला गया, वहां फिर से गड्ढे हो गए हैं। विधायक चेतन्य काश्यप के कार्यालय पर 17 जून 2020 को शहर की सड़कों को बेहतर करने की योजना तत्कालीन नगर निगम आयुक्त एसकेसिंह के साथ बनी थी, वो अब तक फाइलों में ही कैद है।

## मानसून के पहले थे यह हाल



नगर निगम के सामने की यह सड़क के हाल मानसून की शुरुआत होने के पूर्व के थे। नगर निगम के सामने ही जानलेवा गड्ढे हो गए हैं व इनको सुधारने में निगम असफल साबित हुआ है। जब नगर निगम के सामने की सड़क के यह हाल है तो शहर के शेष हिस्सों के क्या हाल होंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

## इस तरह मुरम से भरा गया



मानसून के पूर्व नगर निगम ने इन गड्ढों को तब भरा जब प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निमीष व्यास के निवास पर जाते समय झटका लगा। इसके बाद शाम से लेकर रात तक गड्ढों पर मुरम डाला गया। शहर में 4 लाख रुपए की मुरम डाली गई।

## बारिश ने बहा दिया इसको



शनिवार से जारी बारिश ने नगर निगम के सामने सहित शहर में 4 लाख रुपए से डाली गई मुरम को बहा दिया। जहां पहले जैसा गड्ढा था, अब वो वैसा ही हो गया है। ऐसे में फिर हिचकोले वाला सफर शुरू हो गया है। तेज गति से निकलते वाहन सड़क के इन गड्ढों पर एकत्रित पानी के छींटे उड़ाकर जा रहे हैं।

## अलग से अधिकारी नहीं




17 जून 2020 को सड़कों की चिंता करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप ने बैठक की। तत्कालीन आयुक्त एसके सिंह को सुधार कार्य करने को कहा। देखरेख के लिए एक अलग से अधिकारी नियुक्त को कहा। अब तक न तो सड़के सुधर पाई नहीं कोई अधिकारी की अलग से नियुक्ति हो पाई। आयुक्त जरूर बदल गए।

**निर्देश दिए गए है**

सड़कों का निरीक्षण करके अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि इसका सुधार जल्दी किया जाए। लगातार कोरोना महामारी का सामना सभी ने किया है, इसलिए जो जरूरी काम होने थे, उनमे विलंब हुआ। अब हम इससे बाहर आ गए है व तेजी से विकास कार्यों की और बढ़ रहे है। - **चेतन्य काश्यप,** शहर विधायक

पत्रिका 26

**पूर्व में क्या हुआ नहीं पता**

सड़कों का निरीक्षण करके अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि इसका सुधार जल्दी किया जाए। तत्कालीन समय में क्या हुआ इसकी जानकारी नहीं है। सड़क पर मुरम डाली गई, बारिश में बह गई है। फिर ठीक किया जाएगा। शहर को गड्ढों से परेशान नहीं होने दिया जाएगा। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 26/7/21

# जर्जर सड़क को लेकर रहवासियों ने जताया विरोध

रतलाम। शहर के वार्ड नंबर 36 पुरोहितजी का वास शनि मंदिर वाली जर्जर सड़क को लेकर क्षेत्रीय रहवासियों ने रविवार को ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजयसिंह चौहान को साथ लेकर आक्रोश व्यक्त किया। रहवासियों ने कलेक्टर से शीघ्र सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण की मांग की है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजयसिंह चौहान ने बताया कि पुरोहित जी के वास की सड़क शनि मंदिर एवं चिंगीपुरा मस्जिद जाने का प्रमुख मार्ग है। पूर्व में निगम प्रशासन ने इंजीनियर को भेज कर एस्टीमेट बनाकर संपूर्ण करवाई कर ली थी। उसके बाद निगम प्रशासन की उदासीनता के कारण निर्माण नहीं हुआ। यदि प्रशासन क्षेत्रवासियों की मांग को नहीं मानता है तो संपूर्ण रतलाम शहर के शनि मंदिर भक्त मंडल के माध्यम से चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के जहीर खान, एडवोकेट कैलाश शर्मा, शनि मंदिर पुजारी सुरेश, कमलेश, राजा, फारूख, शाहिद आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। अग्निबाण 1/26

अग्निबाण 26/7/21

# ऑरेंज अलर्ट : सावन के पहले दिन काले मेघों ने खूब बरसाया पानी

## शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रात से बारिश का दौर जारी

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

पूरे जिले में शनिवार से झमाझम बारिश हो रही है और लगातार जारी है। रविवार सुबह आठ बजे समाप्त हुए चौबीस घण्टों में जिले में औसतन दो इंच वर्षा रेकार्ड की गई है। पिछले चौबीस घण्टों में सर्वाधिक वर्षा जिले के ताल में रेकार्ड की गई। ताल में पांच इंच वर्षा हुई, जबकि सैलाना में तीन इंच बारिश दर्ज की गई।

जिले में लगातार हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए हैं। मौसम विभाग के आंकडों के मुताबिक बीते चौबीस घण्टों में जिले में औसतम दो इंच वर्षा दर्ज की गई, इसे मिलाकर अब तक जिले में औसतन कुल साढ़े बारह इंच वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में यह आंकड़ा करीब एक इंच कम है।

जिले के विकासखण्डों की बात की जाए तो बीते चौबीस घण्टों में सर्वाधिक वर्षा ताल में हुई। ताल में चौबीस घण्टों में पांच इंच बारिश दर्ज की गई। इसे मिलाकर अब तक ताल में कुल अठारह इंच बारिश हो चुकी है,जो कि पिछले वर्ष इसी अवधि में हुई वर्षा से करीब डेढ़ इंच अधिक है। दूसरे नम्बर पर सैलाना रहा, जहां बीते 24 घण्टों में तीन इंच बारिश हुई। इस तरह सैलाना





शहर के बीच में बहता जवाहर नगर का नाला आया उफान पर।




विनोबा नगर जेएमडी मार्केट के सामने इस तरह पानी।

### कई क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति

शनिवार रात से जारी लगातार बारिश की झड़ी ने गर्मी को भगा दिया। सावन माह के शुरुआत के साथ पहले दिन शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जारी अनवरत वर्षा ने मौसम में ठंडक घोल दी। अभी तक जिले में 16

### भारी बारिश के बाद पूरे शबाब पर आया केदारेश्वर झरना, शिवलिंग तक पहुंचा पानी





# आज शहर के 27 सहित जिलेभर के 138 केंद्रों पर टीकाकरण

## नए कलेक्टोरेट में केवल विदेश यात्रा करने वाले लोगों और रेलवे हास्पिटल घटला कालोनी पर रेलवे कर्मचारियों को लगेगी कोविशील्ड की दूसरी डोज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोविड वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत सोमवार को 138 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। आलोट में 18, बाजना में 20, जावरा में 29, पिपलौदा में 10, सैलाना में 15, रतलाम ग्रामीण में 19, रतलाम शहर में 27 स्थानों पर वैक्सीनेशन होगा। शहर के मोहन टाकीज घास बाजार केंद्र पर को-वैक्सीन का केवल दूसरी डोज लगाई जाएगी। नए कलेक्टोरेट में केवल विदेश यात्रा करने वाले लोगों को और रेलवे हास्पिटल घटला कालोनी पर रेलवे कर्मचारियों को कोविशील्ड की दूसरी टीका लगाया जाएगा।

**शिक्षकों का टीकाकरण 26 से 31 जुलाई तक**

सभी महाविद्यालय एवं विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों का कोविड टीकाकरण 26 जुलाई से 31 जुलाई तक किया जाएगा। सोमवार को सुबह 9 बजे से शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों का टीकाकरण उत्कृष्ट विद्यालय सागोद रोड पर तथा अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों व स्कूल कर्मचारियों का टीकाकरण गुरु तेग बहादुर एकेडमी सैलाना रोड पर किया जाएगा। शिक्षक अपना परिचय पत्र आधार कार्ड और मोबाइल लेकर दोनों केंद्रों पर सीधे कोविशील्ड के पहले डो का वैक्सीनेशन करवा सकेंगे।



कमेड़ में टीका लगवाने के लिए लगी ग्रामीण की कतार। • नईदुनिया

### शहर में इन स्थानों पर होगा टीकाकरण

**कोविशील्ड दूसरा डोज** : अलकापुरी कम्युनिटी हाल, डीआरएम आफिस दो बत्ती।

**आनस्पाट बुकिंग वाले केंद्र** : विधायक सभागृह बरबड़ रोड, जमातखाना शेरानीपुरा आनंद कॉलोनी के पास, मदरसा तालीमुल कुरान नयापुरा, काली खान मस्जिद जावरा रोड, सगरवंशी माली समाज धर्मशाला त्रिपोलिया गेट, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, काश्यप सभा गृह सागोद रोड, शासकीय प्राथमिक विद्यालय डोसीगांव, मांगलिक भवन सुभाष नगर, कालिका माता धर्मशाला केंद्रों पर सीधे वैक्सीनेशन कराया जा सकता है।


**आनलाइन बुकिंग वाले केंद्र** : गुरु रामदास पब्लिक स्कूल विनोबा नगर, मार्निंग स्टार पब्लिक स्कूल इंदिरा नगर, साई एकेडमी 80 फीट रोड, बोधी स्कूल डोंगरे नगर, लायंस हाल पावर हाउस रोड, मेहंदी कुई बालाजी नगर निगम के पास, आइएमए हाल राजेंद्र नगर, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार, नरसिंह वाटिका सिलावटों का वास, सरस्वती स्कूल काटजू नगर पर पहला डोज केवल आनलाइन प्री स्लाट बुकिंग के आधार पर लगाया जाएगा।

**रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षकों के लिए वैक्सीनेशन**

रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में बालक छात्रावास नामली स्कूली शिक्षकों के कोविड-19 वैक्सीनेशन केंद्र के लिए निर्धारित केंद्र रहेगा। शिक्षकों का टीकाकरण 26 से 31 जुलाई तक होगा। रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामतितरी, शिवपुर, सुनेरा, सिमलावदा, रूपाखेड़ा, सरवड़, नेगड़दा, रघुनाथगढ़, गुणावद, दंतोड़िया, बरबोदना, रामपुरिया, मल्वासा, नापन, बिरमावल, बिलपांक, उमर थाना, सरवन जागीर के केंद्रों पर कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

**सैलाना क्षेत्र में स्कूली शिक्षकों के लिए वैक्सीनेशन**

सैलाना क्षेत्र में बालक हायर सेकंडरी स्कूल सैलाना, प्राथमिक विद्यालय बागरियों की खेड़ी, पंचायत भवन भीलों की खेड़ी, नारायणगढ़, मुड़िया खेड़ी, सेरा, बासिंद्रा, अमरगढ़, ठीकरिया, पुनिया खेड़ी, करिया, इंद्राक्ल खुर्द, शिवगढ़, सुंड़ी, बावड़ी पर कोविशील्ड का आनस्पाट बुकिंग के आधार पर वैक्सीनेशन किया जाएगा।






**आलोट विकासखंड के क्षेत्रों में टीकाकरण**

आलोट क्षेत्र के स्कूली शिक्षकों के लिए नारायणी स्कूल आलोट और शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल ताल वैक्सीनेशन के लिए आरक्षित केंद्र रहेंगे। इन दोनों केंद्रों पर कोविशील्ड संबंधी वैक्सीनेशन किया जाएगा। आलोट के क्षेत्रों में कोविशील्ड का पहला और दूसरा टीका लगवाने के लिए उत्कर्ष विद्यालय आलोट, विवेकानंद स्कूल आलोट, सामुदायिक भवन आलोट, वार्ड नंबर-तीन मदरसा, पोरवाल धर्मशाला नीम चौक ताल, शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल ताल, आल ग्रेट पब्लिक स्कूल ताल, शासकीय माध्यमिक विद्यालय खारवा कला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावल, ग्राम पंचायत बड़िया राठौर, ताजली, रिछा, करवाखेड़ी, पटन, डाबड़िया केंद्र रहेंगे। इन सभी केंद्रों पर सीधे अपना आधार कार्ड व मोबाइल लेकर टीका लगाया जा सकेगा।

**जावरा ब्लाक में भी बनाए अलग केंद्र**

जावरा क्षेत्र में केवल सुभाष स्कूल जावरा स्कूली शिक्षकों के लिए वैक्सीनेशन केंद्र के रूप में आरक्षित केंद्र रहेगा। ग्राम पंचायत भवन रिंगनोद, गुर्जर बर्डिया, मुंडलाराम, रेवास, रोजाना, पिपलिया जोधा, असावती, हनुमंतिया, लौहारी, नीमन, बड़ावदा, बालक छात्रावास बड़ावदा, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, लायंस क्लब जावरा, भगत सिंह कालेज जावरा, मठ मंदिर जावरा के केंद्रों पर स्पाट बुकिंग के आधार पर वैक्सीनेशन कराया जा सकेगा। जावरा क्षेत्र में 12 वैक्सीनेशन केंद्र आनलाइन बुकिंग के लिए निर्धारित किए गए हैं, निर्धारित लिंक https&//selfregistration. cowin.gov.in/ पर जाकर हितग्राही बुकिंग करा सकते हैं।

**पिपलौदा क्षेत्र में यह व्यवस्था**

जनपद पंचायत भवन पिपलौदा स्कूली शिक्षकों का वैक्सीनेशन केंद्र रहेगा। पंचायत भवन रिछा देवड़ा, बछोड़िया, भटूखेड़ा, मालाजी बड़ायला, प्राथमिक विद्यालय झांतला, जड़वासा, डाइट कालेज पिपलौदा, नया आंगनवाड़ी केंद्र केसरपुरा, प्राथमिक विद्यालय बड़ौदा के केंद्रों पर कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

### 220 लोगों को लगाए टीके

कमेड़। कोविशील्ड वैक्सीन लगवाने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह 6 बजे से ग्रामवासी कतार में लगे रहे। टीकाकरण 10बजे से चालू हुआ। नेट नहीं मिलने के कारण पोर्टल पर इंट्री करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर तक केवल 45 लोगों को ही टीके लग पाए। शाम पांच बजे तक 220 लोगों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण के दौरान अधिकांश लोगों ने मास्क नहीं लगाया, वहीं शारीरिक दूरी का पालन भी नहीं किया गया। इस दौरान सीएचओ जितेंद्र गंधर्व, एएनएम सुशीला पांडर, आशा सुपरवाइजर सौरभ मकवाना, आशा कार्यकर्ता कविता भाटी, सचिव चंपालाल मरकाल, पटवारी मनीराम कोलवार उपस्थित रहे।

नईदुनिया 26/7/21

# लाइन पर गिरा पेड़, ट्रांसफार्मर में फॉल्ट



रतलाम। 24 घंटे लगातार बारिश से शहर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। बिजली लाइन पर पेड़ गिरा, तो कहीं ट्रांसफार्मर में फॉल्ट आने से घंटो बिजली गुल रही। लाइन स्टॉफ सुधार के लिए मौके पर पहुंचा, लेकिन स्थाई सुधार नहीं होने से लोगों को परेशानी जारी रही।

रविवार को सुबह से बिजली की गड़बड़ी शुरू हुई। जवाहर नगर क्षेत्र में सुबह 7 बजे पेड़ भरभरा बिजली लाइन पर जा गिरा। खिंचाव से पोल झुक गया तथा तार टूट गए, इस वजह से आसपास क्षेत्रों में करीब चार घंटे बिजली गुल रही। चांदनी चौक में ट्रांसफार्मर में फॉल्ट से इस फीडर से जुड़े कई क्षेत्रों में बिजली गुल रही। वार्ड नंबर 13 अंबेडकर हॉल के सामने पेड़ गिर गया। पूर्व पार्षद राजीव रावत द्वारा नगर निगम की टीम एवं विद्युत मंडल की टीम को बुलाकर पेड़ को कटवाया। सुधार के बाद आपूर्ति बहाल हुई।

**दिनभर चली ट्रिपिंग-** शहरवासियों को बिजली की समस्या से दिनभर परेशान होना पड़ा। अलग-अलग क्षेत्रों में दिनभर बिजली गुल होती रही। इधर, पटरी पार एरिया में कस्तूरबा नगर व आसपास क्षेत्र, 80 फीट रोड़, सुयोग परिसर, स्नेह नगर, अलकापुरी, महेश नगर, कोमल नगर, तिरुपति नगर, त्रिमूर्ति नगर, राजबाग एरिया में हर एक दो घंटे में

# सावन के पहले दिन मानसून की झड़ी, शहर सहित अंचल तरबतर

रतलाम। शनिवार रात से जारी लगातार बारिश की झड़ी रविवार को भी समाचार लिखे जाने तक जारी रही। लगातार बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली है वहीं मौसम भी सुहाना हो गया है।

## ▶ रात से जारी है बारिश का दौर

सावन माह के शुरुआत के साथ पहले दिन शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जारी अनवरत वर्षा ने मौसम में ठंडक घोल दी। अभी तक जिले में 16 इंच और रतलाम शहर में 13 इंच से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। शहर में शनिवार देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर रविवार को समाचार लिखे जाने तक जारी रहा। लगातार बारिश से शहर तरबतर हो गया है और वातावरण में ठंडक घुलने से उमस खत्म हो गई है। शनिवार सुबह से शहर के आसमान पर घने बादल छाए हुए थे, जिन्होंने शाम को बरसना शुरू किया था। देर रात से शुरू बारिश के दौर से दो बत्ती, अशोकनगर और शिवशंकर कॉलोनी समेत शहर के कई क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति बनी। शनिवार रात 12 बजे से रविवार



दोपहर 12 बजे तक शहर में 56 मिमी ( 2 इंच से अधिक) वर्षा हुई। मौसम केंद्र के मुताबिक मंगलवार तक शहर सहित जिले में तेज बारिश का दौर जारी रहेगा।

## जिले में सुबह तक 312 .6 मिलीमीटर वर्षा

जिले में अब तक 312.6 मिलीमीटर (साढ़े 12 इंच) वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इस अवधि तक औसत 346.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस अवधि तक गत वर्ष की तुलना में जिला 33. 8 मिलीमीटर औसत वर्षा से पीछे है। जिले में गत 24 घंटो के दौरान रविवार सुबह 8.00 बजे तक औसत 56.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। आलोट में 66 मिलीमीटर, जावरा में 51 मिलीमीटर, ताल में 135 मिलीमीटर, पिपलौदा में 36 मिलीमीटर, बाजना में 18 मिलीमीटर, रतलाम में 27 मिलीमीटर, रावटी में 43.8 तथा सैलाना में 76 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। उल्लेखनीय है कि रतलाम जिले की सामान्य वर्षा 918.3 मिलीमीटर है। नवभारत 26

## लाइन पर गिरा पेड़, ट्रांसफार्मर में फॉल्ट



लगातार बारिश से शहर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। बिजली लाइन पर पेड़ गिरा तो कहीं ट्रांसफार्मर में फॉल्ट आने से घंटो बिजली गुल रही। लाइन स्टाफ सुधार के लिए मौके पर पहुंचा। लेकिन स्थाई सुधार नहीं होने से लोगों की परेशानी जारी रही। रविवार को सुबह से बिजली की गड़बड़ी शुरू हुई। जवाहर नगर क्षेत्र में सुबह 7 बजे पेड़ भरभरा बिजली लाइन पर जा गिरा। खिंचाव से पोल झुक गया तथा तार टूट गए। इस वजह से आसपास क्षेत्रों में करीब चार घंटे बिजली गुल रही। वहीं चांदनी चौक में ट्रांसफार्मर में फॉल्ट से इस फीडर से जुड़े कई क्षेत्रों में बिजली गुल रही। वार्ड नंबर 13 अंबेडकर हॉल के सामने पेड़ गिर गया। पूर्व पार्षद राजीव रावत द्वारा नगर निगम की टीम एवं विद्युत मंडल की टीम को बुलाकर पेड़ को कटवाया। सुधार के बाद आपूर्ति बहाल हुई।

### दिनभर चली ट्रिपिंग

शहरवासियों को बिजली की समस्या से दिनभर परेशान होना पड़ा। अलग अलग क्षेत्रों में दिनभर बिजली गुल होती रही। इधर, पटरी पर एरिया में कस्तूरबा नगर व आसपास क्षेत्र, 80 फीट रोड, सुयोग परिसर, स्नेह नगर, अलकापुरी, महेश नगर, कोमल नगर, तिरुपति नगर, त्रिमूर्ति नगर, राजबाड़ा एरिया में हर एक दो घंटे में बिजली गुल होती रही। मामले में कार्यपालन यंत्री शहर संभाग विनय प्रताप सिंह ने बताया कि बारिश से बिजली व्यवस्था गड़बड़ हुई है। पेड़ गिरने व ट्रांसफार्मर फॉल्ट हुए। सुधार के लिए टीम मौके पर पहुंची।

नवभारत 26/7/21

# प्लॉट पर कचरा डाला तो कार्रवाई होगी

## अनुपस्थित सफाई कर्मचारियों की जानकारी रोज वाट्सएप ग्रुप में डलेगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

यदि आपका कोई खाली प्लॉट है, तो वहां की सफाई की जिम्मेदारी भी आपकी है। कोई कचरा ना फेंके, इसके लिए अब आपको ज्यादा सतर्क रहना होगा। खाली प्लॉट पर कचरे को लेकर कलेक्टर का रवैया सख्त है। उन्होंने निगम अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि प्लॉट पर कचरा मिलता है तो कार्रवाई करें।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्वास्थ्य अधिकारी को प्रतिदिन शाम 4 बजे सफाई व्यवस्था का फीडबैक झोन प्रभारियों से लेने का कहा है। साथ ही आने वाली समस्याओं का निराकरण करने का भी कहा। उन्होंने मदिरा की दुकानों पर भी यदि कचरा या गंदगी मिलती है तो स्पॉट फाइन करने का कहा है। इसके अलावा प्रतिदिन अनुपस्थित सफाई संरक्षकों व स्पॉट फाइन की जानकारी वॉट्सएप ग्रुप में डाली जाएगी, इसकी जिम्मेदारी झोन प्रभारी और स्वास्थ्य अधिकारी की रहेगी। सफाई काम की मॉनिटरिंग के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक को जिम्मेदारी से काम करने का कहा है। भास्कर 26

### नित्यानंद मार्केट की कब्जे से मुक्त दुकानों को बेचेंगे

कलेक्टर ने निगम अधिकारियों के साथ ली बैठक में नित्यानंद मार्केट में अवैध कब्जे से मुक्त कराई 6 दुकानों के विक्रय के लिए टेंडर जारी करने का कहा। सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 99 दुकानों की बिक्री के लिए टेंडर से पहले मार्केट व दुकानों की मरम्मत व रंगाई पुताई कराने का कहा है। मार्केट, लीज पर दी गई भूमि व विक्रय योग्य संपत्तियों विक्रय करने का कहा है।

दै. भास्कर 26/7/21

वर्षा रेकार्ड की गई है। पिछले चौबीस घण्टों में सर्वाधिक वर्षा जिले के ताल में रेकार्ड की गई। ताल में पांच इंच वर्षा हुई, जबकि सैलाना में तीन इंच बारिश दर्ज की गई।

जिले में लगातार हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बीते चौबीस घण्टों में जिले में औसतन दो इंच वर्षा दर्ज की गई, इसे मिलाकर अब तक जिले में औसतन कुल साढ़े बारह इंच वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में यह आंकड़ा करीब एक इंच कम है।

जिले के विकासखण्डों की बात की जाए तो बीते चौबीस घण्टों में सर्वाधिक वर्षा ताल में हुई। ताल में चौबीस घण्टों में पांच इंच बारिश दर्ज की गई। इसे मिलाकर अब तक ताल में कुल अठारह इंच बारिश हो चुकी है, जो कि पिछले वर्ष इसी अवधि में हुई वर्षा से करीब डेढ़ इंच अधिक है। दूसरे नम्बर पर सैलाना रहा, जहां बीते 24 घण्टों में तीन इंच बारिश हुई। इस तरह सैलाना में अब तक कुल सौलह इंच बारिश हो चुकी है।

बारिश का यह आंकड़ा पिछले वर्ष इसी अवधि की बारिश से करीब आधा इंच अधिक है। जिले के इन दो विकासखण्डों के अलावा शेष सभी विकासखण्डों में पिछले वर्ष की तुलना में अभी बारिश का आंकड़ा कम है। बीते चौबीस घण्टों में आलोट में ढाई इंच, जावरा में दो इंच, पिपलौदा में डेढ़ इंच, रतलाम में एक इंच रावटी में दो इंच और सबसे कम बाजना में करीब आधा इंच बारिश दर्ज की गई है।



## कई क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति


शनिवार रात से जारी लगातार बारिश की झड़ी ने गर्मी को भगा दिया। सावन माह के शुरुआत के साथ पहले दिन शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जारी अनवरत वर्षा ने मौसम में ठंडक घोल दी। अभी तक जिले में 16 इंच और रतलाम शहर में 13 इंच से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। शहर में शनिवार देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर रविवार दोपहर तक जारी है।

इससे शहर तरबतर हो गया है और वातावरण में ठंडक घुलने से उमस खत्म हो गई है। शनिवार सुबह से शहर के आसमान पर घने बादल छाए हुए थे, जिन्होंने शाम को बरसना शुरू किया था। देर रात से शुरू बारिश के दौर से दो बत्ती, अशोकनगर और शिवशंकर कॉलोनी समेत शहर के कई क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति बनी।

## भारी बारिश के बाद पूरे शबाब पर आया केदारेश्वर झरना; शिवलिंग तक पहुंचा पानी



शनिवार से प्रारंभ हुई तेज बारिश के चलते सैलाना के अडवानिया स्थित केदारेश्वर महादेव का झरना पूरे शबाब पर आ गया है। केदारेश्वर झरने से हो रहे भारी बहाव के चलते कुण्ड उफनने लगा है और झरने का पानी अब तक शिवलिंग तक पंहुच चुका है। केदारेश्वर का सौन्दर्य पूरे उफान पर है। केदारेश्वर का यह दृश्य देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग वहां पंहुच रहे है। बारिश के मौसम में ऐसे मौके कम ही आते है, जब झरने का कुण्ड पूरी तरह भर कर पानी शिवलिंग तक पहुंचता है।



शहर के बीच में बहता जवाहर नगर का नाला आया उफान पर।



विनोबा नगर जेएमडी मार्केट के सामने इस तरह पानी।



शहर में सीवरेज लाईन हेतु डाली गई लाइन के चेम्बर इस तरह पानी उगल रहे हैं।



इंदिरा नगर मुख्य मार्ग पर इस तरह पानी भराया।

## जिले में हुई अब तक 312.6 मिलीमीटर वर्षा

रतलाम। जिले में अब तक 312.6 मिलीमीटर (साढ़े 12 इंच) वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इस अवधि तक औसत 346.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस अवधि तक गत वर्ष की तुलना में जिला 33.8 मिलीमीटर औसत वर्षा से पीछे है। जिले में गत 24 घंटो के दौरान रविवार सुबह 8 बजे तक औसत 56.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। आलोट में 66 मिलीमीटर, जावरा में 51 मिलीमीटर, ताल मे 135 मिलीमीटर, पिपलौदा में 36 मिलीमीटर, बाजना में 18 मिलीमीटर, रतलाम में 27 मिलीमीटर, रावटी मे 43.8 तथा सैलाना मे 76 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। उल्लेखनीय है कि रतलाम जिले की सामान्य वर्षा 918.3 मिलीमीटर है।




# मेहरबान हुए मेघ... झूम कर आया सावन

पत्रिका मानसून अलर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com










**रतलाम.** लंबे समय बाद रतलाम जिले में जोरदार बारिश का आगाज हुआ है। आसमान से मेघों की मेहरबानी हुई तो रतलाम शहर में सुबह से लेकर शाम तक 9 घंटे के दौरान 4 इंच बारिश हो गई। वहीं ग्रामीण अंचलों में भी 5 इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई है। शनिवार रात से शुरू बारिश का दौर रविवार को दिन भर कभी तेज तो कभी धीमे चलता रहा जिसके चलते नदी नाले उफान पर आने लगे हैं।

फिलहाल राहत की बात यह है कि जिले में कहीं से भी कोई अनहोनी की सूचना नहीं आई है। सावन माह के आते ही अच्छी बारिश का असर विभिन्न क्षेत्रों में भी देखने को मिलेगा। बारिश की आस लगाए बैठे किसानों के चेहरे खिल उठे हैं और उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी फसल अच्छी होगी। रतलाम शहर की तो शहर में निचले इलाकों की सड़कें जलमग्न हो गई तो मुख्य बाजार में भी तालाब सी नजर आने लगी। अवकाश का दिन होने से लोग कम नजर आए।

| बारिश मिली मीटर में | |
|---|---|
| आलोट | 66.0 |
| जावरा | 51.0 |
| ताल | 135.0 |
| पिपलौदा | 36.0 |
| बाजना | 18.0 |
| रतलाम | 27.0 |
| रावटी | 43.8 |
| सैलाना | 76.0 |

नोट- (शनिवार सुबह 8 से रविवार सुबह 8 बजे तक के)

## रातभर में धोलावाड़ में बढ़ा दो मीटर पानी, जलस्तर में और बढ़ोतरी का अनुमान

### क्षमता का 25 फीसदी पानी पहुंच चुका है

शहर और आसपास के क्षेत्र में शनिवार से शुरू हुई बारिश का दौर रविवार को भी दिनभर जारी रहा। रविवार को दिन में बदरा जमकर बरसे। इस वजह से धोलावड़ जलाशय में रविवार की शाम चार बजे तक दो मीटर पानी बढ़ चुका है। जलाशय का लेवल 384.70 से बढ़कर 386.70 मीटर पर पहुंच गया है। सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री एचके मालवीय के अनुसार शाम और रात में होने वाली बारिश से धोलावड़ में जलस्तर और बढ़ जाएगा। धोलावड़ जलाशय का कुल लेवल 395 मीटर का है और इसकी पानी संग्रहण क्षमता 49.94 एमसीएम है। सबसे नीचला लेवल 380 मीटर है। इसे एलएसएल यानि सबसे नीचलास्तर कहा जाता है। वर्तमान में धोलावड़ में 386.70 मीटर के लेवल पर पानी है जो इसकी क्षमता का 25 फीसदी पानी होता है।



**धोलावड़ पर एक नजर**

| | |
|---|---|
| धोलावड़ की ऊंचाई 15 मीटर | वर्तमान में पानी संग्रहित - 386.70 मीटर |
| पानी संग्रहण क्षमता 49.94 एमसीएम | कुल क्षमता का वर्तमान में पानी 25.19 फीसदी |
| लोअर लेवल - 380 मीटर | धोलावड़ में कुल गेट - 06 |
| अपर लेवल - 395 मीटर | |

पत्रिका 26/7/21

सुभाष काम्पलेक्स दुकानों के विक्रय हेतु निविदा जारी करने के पहले मार्केट की मरम्मत के निर्देश

# सफाई को लेकर कलेक्टर ने फिर ली निगम अमले की क्लास

रतलाम, ■ राज न्यूज नेटवर्क



कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम के स्वास्थ्य, राजस्व, विकास शाखा आदि विभागों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कलेक्टर एवं प्रशासक पुरुषोत्तम ने पिछली बैठक में दिये निर्देशों की समीक्षा कर निर्देशित किया कि स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिदिन सांय 4 बजे सफाई व्यवस्था का फीड बैक झोन प्रभारियों से लेकर कार्य में आने वाली समस्याओं का निराकरण करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि नगर में ऐसे रिक्त भूखण्ड जहां कचरा एकत्रित हो रहा है ऐसे भूखण्ड स्वामियों पर जुर्माने की कार्यवाही करें साथ ही ऐसी मदिरा की दुकानें जहां कचरा व गंदगी होती है उन पर भी स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जाये। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि प्रतिदिन अनुपस्थित सफाई संरक्षकों व स्पॉट फाईन की जानकारी व्हाट्स एप ग्रुप में डालने के निर्देश झोन प्रभारी व स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये। बैठक में कलेक्टर एवं प्रशासक ने निर्देशित किया कि सफाई कार्य की मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक जिम्मेदारी से कार्य की मॉनिटरिंग प्रतिदिन करें अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया कि शहर में यदि कहीं भी कचरा या गंदगी दिखाई दी तो संबंधितों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## लक्ष्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करें

कलेक्टर एवं प्रशासक ने एनयूएलम के विभिन्न घटकों व पी.एम. स्वनिधी प्रकरणों की समीक्षा के दौरान सिटी मैनेजर व सामुदायिक संगठिकाओं को निर्देशित किया कि वे 15 अगस्त तक पी.एम. स्वनिधी के 2500 हितग्राहियों को ऋण दिलाने का लक्ष्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करें अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

इसके अलावा कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरुषोत्तम ने निगम के राजस्व में वृद्धि किये जाने हेतु निगम की विक्रय योग्य संपत्ति के संबंध में पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के तहत की गई कार्यवाही की जानकारी लेकर नित्यानंद मार्केट में अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई 6 दुकानों के विक्रय हेतु निविदा जारी करने की कार्यवाही करने, महू रोड स्थित सुभाष शॉपिंग काम्पलेक्स की 99 दुकानों के विक्रय हेतु निविदा जारी किये जाने के पूर्व मार्केट व दुकानों की मरम्मत व रंगाई पुताई कराने के निर्देश बैठक में दिये।

बैठक में कलेक्टर को निगम आयुक्त द्वारा राजीव गांधी सिविक सेंटर की 121 संपत्ति, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी बस स्टैण्ड की दुकान/हॉल/छत, देवरा देव नारायण नगर के 16 फ्लेट, टीआईटी रोड पर रोडवेज को लीज पर दी गई भूमि, अमृत सागर में अतिक्रमण मुक्त की गई भूमि, अर्जुन नगर कॉलोनी में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि, पांजरा पोल की दुकानें व नित्यानन्द मार्केट की दुकानो की जानकारी लेकर विक्रय योग्य संपत्तियों के विक्रय किये जाने हेतु निविदा जारी किये जाने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द व्यास, जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, सहायक यंत्री श्याम सोनी, निगम सचिव जसवंत जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सुहास पंडित, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द शर्मा, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, राजस्व निरीक्षक सुनील कपूर, सहायक राजस्व निरीक्षक वासुदेव बैरागी, सतीश यादव, झोन प्रभारी पर्वत हाडे, किरण चौहान, विनय चौहान, विराट मेहरा, सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोलिया, सुश्री निर्मला राय आदि उपस्थित थे।

राज एक्सप्रेस 26/7/21

# ...में धोलावड़ डैम में जलस्तर डेढ़ मीटर बढ़ा, कई जगह जलजमाव

**...रिश ● नदी-नाले उफने, कई रास्ते हुए अवरुद्ध, ताल में सर्वाधिक पांच इंच से ज्यादा बारिश, शहर में चार फीडरों से बिजली आपूर्ति प्रभावित**



झमाझम बारिश से जलमग्न हुई रतलाम के न्यू रोड की सड़क। ●नईदुनिया



सरवन क्षेत्र की बावड़ाखेड़ी नदी में बहाव शुरू हो गया। ●नईदुनिया

## सड़कें बनी तालाब



रतलाम के विनोबानगर की सड़क पर हुआ जलजमाव। ●नईदुनिया

के दौरान जिले में 56.6 मिमी औसत पानी बरसा। आलोट तहसील में 66 मिमी, जावरा में 51 मिमी, ताल में 135 मिमी, पिपलौदा में 36 मिमी, बाजना में 18 मिमी, रतलाम में 27 मिमी, रावटी में 43.8 मिमी और सैलाना तहसील में 76 मिमी पानी बरसा। जिले में अब तक सवा 12 इंच बारिश हो चुकी है। गत वर्ष इस अवधि में करीब पौने 14 इंच बारिश हुई थी। जिले की कुल सामान्य बारिश 918.3 मिमी है।

**दिन व रात के तापमान में गिरावट**

अधिकतम तापमान 25.2 व न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार की तुलना में रविवार को

### पहली झड़ी

- रतलाम जिले में अब तक सवा 12 इंच दर्ज
- शहर की सड़कों सहित फोरलेन पर चार फीट तक पानी आया

न्यूनतम तापमान में 1.0 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान में भी 4.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सुबह की आर्द्रता 96 व शाम की 99 प्रतिशत रही, जो शनिवार को क्रमशः 90 व 97 प्रतिशत थी।

**कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण**

रविवार शाम को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी ने निगम व प्रशासनिक अमले के साथ शहर में जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को जलनिकासी के पर्याप्त इंतजाम करने के साथ ही आश्रय स्थल पर सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए।

लगातार बारिश के चलते शहर के कुल 36 फीडरों में से चार में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। जवाहर नगर क्षेत्र में बिजली लाइन पर पेड़ गिर गया जबकि रत्नपुरी, बिरियाखेड़ी, हाट रोड फीडर पर भी फाल्ट हुए। बिजली वितरण कंपनी के शहर कार्यपालन यंत्री विनयप्रताप सिंह ने बताया कि शाम तक सभी जगह सुधार कर आपूर्ति बहाल कर दी गई।

**बारिश का किया स्वागत**

अभा पोरवाल सोशल ग्रुप के सदस्यों ने बरबड़ हनुमान मंदिर परिसर में बारिश के आगमन का स्वागत किया। ग्रुप संस्थापक संयोजक राकेश पोरवाल ने बताया कि लंबे समय बाद बारिश की झड़ी लगने पर ग्रुप सदस्य बरबड़ हनुमान मंदिर पहुंचे। हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। ग्रुप अध्यक्ष प्रतीक मजावदिया, कोषाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, अनीता गुप्ता, राकेश गुप्ता, अनिल सेठिया, लता सेठिया, विजय धनोतिया, निर्मला धनोतिया, विजेंद्र गुप्ता, वंदना पोरवाल, कोपल पोरवाल आदि सदस्य मौजूद थे।

### जिले में बारिश की स्थिति

| तहसील | अब तक | गत वर्ष |
|---|---|---|
| | की बारिश (मिमी) | |
| आलोट | 299.0 | 390.0 |
| जावरा | 386.0 | 395.0 |
| ताल | 443.0 | 410.2 |
| पिपलौदा | 231.0 | 242.0 |
| बाजना | 161.0 | 280.0 |
| रतलाम | 259.0 | 317.0 |
| रावटी | 328.8 | 362.2 |
| सैलाना | 393.0 | 375.0 |
| औसत | 312.0 | 346.4 |



नागेश्वर-उन्हेल मार्ग पर शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ गया। ●नईदुनिया

नईदुनिया 26/7/21

45 दिन में तीन बार प्रशासक ने बैठक में दी चेतावनी

# 72 लाख हर माह वेतन पर खर्च, विशेष गैंग पर अलग से राशि, फिर भी हालात बदहाली

पत्रिका अभियान

रतलाम. शहर में 49 वार्डों में स्वच्छता के लिए काम करने वाले 900 कर्मचारियों के वेतन पर हर माह 72 लाख रुपए का व्यय होता है। इसके अलावा चार जोन पर 20-20 कर्मचारियों की गैंग नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने अलग से रखी हुई है। इनके वेतन पर हर माह अलग से राशि का व्यय होता है। नगर निगम के प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम 45 दिन में तीन बार सफाई से नाराज होकर नगर निगम को चेता चुके हैं, इसके बाद भी मैदानी हालात ढाक के तीन पात हैं। शहर में स्वच्छता के कार्यों से आमजन खुश नहीं हैं, लेकिन इसको सुधार के लिए कोई नवाचार नहीं किया जा रहा है।



इंदिरा नगर में नाले की सफाई के अभाव में पानी सड़क पर बह गया

शहर में सफाई सुधार के लिए निगम प्रशासक कुमार ने पहली बैठक 5 जून को व तीसरी बैठक 24 जुलाई को ली। जुलाई में ही दूसरी बैठक भी तरणताल स्थित कार्यालय पर हुई। बैठक में चेतावनी जारी हुई, लेकिन कोई असर नजर ही नहीं आया। बाजार में रात में सफाई करने का निर्देश दिया, लेकिन उसको तक अब तक अमल में नहीं लाया गया। स्वच्छता पटरी पर नहीं आने की एक बड़ी वजह संसाधन की कमी भी है।

## सर्प दंश के कारण अब हिम्मत नहीं

निगम के स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों के अनुसार स्वच्छता के लिए जो बेहतर संसाधन चाहिए, उसकी पूर्ति ही नहीं होती। निगम के कर्मचारी नालों में सफाई के लिए बेहतर जूते जो नियम अनुसार दिए जाते हैं उनकी मांग कर रहे हैं, लेकिन इसकी फाइल पर दो साल से नगर निगम निर्णय ही नहीं ले पाया। निगम के एक कर्मचारी को नाले में सफाई के दौरान जूते के अभाव में सांप काट खाया, निगम के कर्मचारियों में बड़े नालों में उतरने की हिम्मत ही समाप्त हो गई। इसकी वजह यह है कि जिस कर्मचारी को सांप ने काटा, उसके इलाज में मदद के बजाए निगम के अधिकारियों ने अगले दिन काम पर नहीं आने पर नोटिस थमा दिया।

जहां जहां से गंदगी के फोटो मिलते हैं या निरीक्षण में पाई जाती है, वहां पर वार्ड दारोगा से लेकर सफाई कर्मचारी को वेतन काटने की सजा से लेकर बर्खास्तगी तक की कार्रवाई की जा रही है। स्वच्छता के लिए आमजन को भी जागरूकता लाना होगी। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 26

पत्रिका 26/7/21